हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 3 नवंबर 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 रबी की बोवनी का रकबा 41 प्रतिशत तक घटने का अनुमान



07 विस्फोटक सामग्री का भंडारण करने पर 3 व्यक्तियों के पर की...



खबर संक्षेप

त्यौहारों पर चलेंगी स्पेशन ट्रेने

नर्मदापुरम। दीपावली और छठ पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे ने रानी कमलापति से रीवा, गोरखपुर और दानापुर के लिए 3 स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला किया है। इन ट्रेनों का ठहराव इटारसी स्टेशन पर भी होगा। दानापुर स्पेशल ट्रेन 11 नवंबर को रानी कमलापति से दोपहर 3:55 बजे रवाना होगी। यह दोपहर 3:55 बजे इटारसी पहुंचेगी और 15 मिनट रुकने के बाद शाम 4:10 बजे दानापुर के लिए रवाना होगी। वापसी में ट्रेन 12 नवंबर को दानापुर से चलेगी और अगले दिन सुबह 8:10 बजे इटारसी पहुंचेगी। इस फैसले से इटारसी के साथ नर्मदापुरम, विदिशा और बीना के यात्रियों को त्योहार पर सफर में सुविधा मिलेगी।

सामूहिक गायन से हुई प्रथम दिवस की शुरुआत

नर्मदापुरम। नवंबर माह के प्रथम कार्य दिवस की शुरुआत कलेक्टर कार्यालय में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम एवं राष्ट्रगान जन-गण-मन के सामूहिक गायन के साथ हुई। इस अवसर पर कलेक्टर आशीष वशिष्ठ, जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन, अपर कलेक्टर राजेश शुक्ला सहित कलेक्टर कार्यालय नर्मदापुरम के सभी अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने खनिज विभाग की समीक्षा की

अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए विभाग करे कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर ने सोमवार को खनिज विभाग की समीक्षा बैठक लेकर अवैध रेत उत्खनन पर कड़ी कर्रवाई के निर्देश दिए।



कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने सोमवार को खनिज विभाग की समीक्षा बैठक लेकर विभागीय गतिविधियों एवं कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने शासन द्वारा निर्धारित राजस्व वसूली के लक्ष्य के अनुरूप कार्य करते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए।कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने कहा कि खनिज विभाग विभागीय कार्यवाहियों के माध्यम से राजस्व वसूली में वृद्धि सुनिश्चित करे। इसके लिए मासिक लक्ष्य निर्धारित कर कार्ययोजना तैयार की जाए तथा नियमित रूप से लक्ष्य के विरुद्ध प्राप्त वसूली की समीक्षा की जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए की पूर्व में लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण करते हुए संबंधितों से वसूली की कार्यवाही शीघ्र ही पूरी की जाए।

अवैध उत्खनन में संलिप्त वाहनों को तत्काल जब्त किया जाए

कलेक्टर ने जिले में अवैध उत्खनन एवं खनन गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि अवैध उत्खनन में संलिप्त वाहनों को तत्काल जब्त किया जाए। प्रकरणों में आरआरसी जारी कर जुर्माने की वसूली भी सुनिश्चित की जाए। अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए पेनल्टी भी अधिरोपित की जाए, ताकि इस प्रकार की गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके।

जिले में रेत का अवैध उत्खनन परिवहन जारी

रेत के अवैध परिवहन और उत्खनन को लेकर नर्मदापुरम जिला पहले से ही चर्चा में रहा है। मां नर्मदा की जीवनदायिनी धारा पर लगातार हो रहे अवैध उत्खनन और सड़कों पर दिन-रात दौड़ते ओवरलोड डंपरों ने स्थानीय प्रशासन और खनिज विभाग की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अवैध उत्खनन के साथ-साथ तेज रफ्तार और ओवरलोड रेत भरे डंपर व ट्रैक्टर-ट्रॉलियां ग्रामीण इलाकों और मुख्य मार्गों से धड़ल्ले से गुजर रहे हैं। इससे न केवल पक्की सड़कें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। जिन पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन से नागरिकों ने बार-बार शिकायत कर चुके हैं। हालाकि कलेक्टर के इन निर्देशों का कितना पालन होगा यह समय की गर्त में छिपा है।

निगरानी बढ़ाने खनिज परिवहन करने वाले वाहनों में लगाए जाएं आरएफ टैग

कलेक्टर ने खनिज परिवहन में पारदर्शिता एवं निगरानी व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए खनिज परिवहन करने वाले वाहनों में आरएफ टैग लगाने की प्रक्रिया का शासन के निर्देशानुसार शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन वाहनों में आरएफ टैग नहीं लगे हैं, उनके विरुद्ध विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्रवाई की जाए।बैठक के दौरान जिला खनिज अधिकारी देवेश मरकाम सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

न्यास कॉलोनी कॉलोनी के पास युवक को चाकू मारे

पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर में अपराधियों के हौसले किस कदर बुलंद हैं, इसकी बानगी एक बार फिर देखने को मिली है। न्यास कॉलोनी पेट्रोल पंप के पास बंगाली कॉलोनी अंडरब्रिज के पास कलारी रोड पर अज्ञात बदमाशों ने एक 23 वर्षीय छात्र सत्यम वर्मा पिता कैलाश वर्मा, निवासी ग्राम पालनपुर, पर चाकुओं से जानलेवा हमला कर दिया।

पीठ पर किये 2 वार

बी.कॉम सेकंड ईयर की पढ़ाई कर रहे सत्यम जब अपनी मोटरसाइकिल से गुजर रहे थे, तब आरोपी ने पुरानी रंजिश या अड़ीबाजी के विवाद में उनकी पीठ पर दो जगह गंभीर वार किए, जिससे उन्हें 4 से 6 टांके आए हैं। घायल अवस्था में उन्हें दयाल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

शहर में बढ़ी चाकू बाजी की घटनाएं

पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। शहर में पिछले कुछ समय में चाकूबाजी और मारपीट की करीब एक दर्जन घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे आम जनता और विद्यार्थियों में भारी दहशत और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। लगातार बढ़ रही ऐसी वारदातों ने पुलिस गश्त और कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

मुस्कान बालिका गृह में गूंजी किलकारी, बेटी ने लिया जन्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

स्थानीय मुस्कान बालिका गृह में एक बार फिर नवजीवन की किलकारी गूंजी है। संस्था में संरक्षण प्राप्त विदिशा जिले की एक गर्भवती बालिका ने सोमवार सुबह डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल में ऑपरेशन के जरिए एक स्वस्थ पुत्री को जन्म दिया है। प्रसव के बाद जच्चा और बच्चा दोनों डॉक्टरों की कड़ी निगरानी में पूरी तरह सुरक्षित हैं।बाल कल्याण समिति के आदेश पर इस बालिका को नौवें महीने की गर्भावस्था में संस्था में आश्रय दिया गया था, जहां उसकी चिकित्सा, पोषण और विशेष देखभाल का पूरा ध्यान रखा गया। संस्था प्रबंधन के अनुसार, पिछले तीन महीनों के भीतर विभिन्न जिलों यहां से आश्रय पाने वाली तीन गर्भवती बालिकाओं का सुरक्षित प्रसव कराया जा चुका है।

मुस्कान बालिका गृह कठिन परिस्थितियों में जीवन बिताने वाली बालिकाओं और उनके शिशुओं को सुरक्षित वातावरण, पोषण और चिकित्सा सहायता देने के साथ-साथ उनके पुनर्वास में भी लगातार सराहनीय भूमिका निभा रहा है।

आबकारी विभाग की कार्रवाई: अवैध मदिरा के साथ 1.54 लाख का माल जब्त, 7 प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

इटारसी। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी डॉ. राजीव प्रसाद द्विवेदी के मार्गदर्शन में अवैध मदिरा विक्रय के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग ने इटारसी शहर में बड़ी कार्रवाई की है।

2 नवंबर 2026 को वृत्त इटारसी के सूरजगंज, नाला मोहल्ला, बालाजी मंदिर मेहरगांव और ग्वालबाबा क्षेत्रों में दबिश देकर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 07 प्रकरण दर्ज किए गए। कार्रवाई के दौरान लगभग 1500 किलोग्राम लाहन और 20 लीटर कच्ची मदिरा जब्त की गई, जिसकी कुल अनुमानित कीमत 1,54,000 रुपये आंकी गई है। इस पूरी कार्रवाई में वृत्त प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी रमेश अहिरवार, आबकारी आरक्षक विकास लोखंडे, धर्मेंद्र बारंगे और महिला आरक्षक भावना यादव का सराहनीय योगदान रहा।



नवनियुक्त युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष कुलदीप रघुवंशी के स्वागत में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष कुलदीप रघुवंशी के प्रथम इटारसी आगमन पर जयस्तंभ चौक में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। उनके स्वागत के लिए सैकड़ों की संख्या में युवा कार्यकर्ता एवं समर्थक पहुंचे। इस दौरान युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

जयस्तंभ चौक पर युवा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ कुलदीप रघुवंशी का स्वागत किया। स्वागत के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। युवाओं की भारी भीड़ ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष के प्रति अपना उत्साह, समर्थन और विश्वास प्रदर्शित किया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, भाजपा नेता जयकिशोर चौधरी, मंडल अध्यक्ष गोकुल पटेल, अभिषेक तिवारी, उपाध्यक्ष निर्मल राजपूत, सभापति राकेश जाधव, सभापति मंजीत कलोसिया, पार्षद शुभम गोर, कुंदन गोर, एल्डरमेन संजीव हुरा, आशीष मालवीय, अतुल शुक्ला, नरेश मेघानी, पूर्व मंडल अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह, महामंत्री शैलेंद्र दुबे, पूर्व पार्षद हरप्रीत छाबड़ा, पार्षद प्रतिनिधि देवेंद्र पटेल,राजकुमार बावरिया, सहित सैकड़ों युवा कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।



वार्ड क्रमांक 9 में सीसी रोड निर्माण का नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने किया निरीक्षण,कर्मियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगर पालिका परिषद इटारसी के अध्यक्ष पंकज चौरे ने वार्ड क्रमांक 9 स्थित माता मोहल्ला क्षेत्र में निर्माणाधीन सीसी रोड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सड़क की लंबाई, चौड़ाई, निर्माण में उपयोग की जा रही सामग्री और गुणवत्ता का बारीकी से जायजा लिया। साथ ही सड़क पर पानी के बहाव और निकासी की स्थिति का भी निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष ने निर्माण कार्य की स्थिति संतोषजनक पाई। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि सड़क निर्माण में निर्धारित तकनीकी मापदंडों और



गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। निर्माण कार्य पूर्ण होने तक सड़क के दोनों ओर बैरिकेडिंग कराई जाए, ताकि आवागमन सुरक्षित रहे और किसी प्रकार की दुर्घटना की आशंका न हो। इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र के रहवासियों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी और लंबे समय से बनी समस्या से राहत प्राप्त होगी। क्षेत्र में विकास कार्य होने पर रहवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सांसद दर्शन सिंह चौधरी एवं नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे के प्रति आभार व्यक्त किया।

निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष के साथ पार्षद प्रतिनिधि आकाश,राहुल यादव सहित नगर पालिका के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

सत्यापन के आधार पर आवंटित होगा उर्वरक कोटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले के विकासखंड माखननगर अंतर्गत तवा नदी के तटीय एवं कछार क्षेत्रों में खेती करने वाले डंगरवाड़ी कृषकों के लिए राहत भरी पहल की गई है। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के मार्गदर्शन में अब इन पट्टाहीन एवं भूमिहीन कृषकों को भी शासन द्वारा अनुदानित रासायनिक उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए डिजिटल कृषि ई-विकास प्रणाली पोर्टल में 'विशेष प्रावधान, गैर-खातेदार श्रेणी' के अंतर्गत पंजीयन की व्यवस्था की जा रही है। उल्लेखनीय है कि तवा नदी के तटीय एवं कछार क्षेत्रों में किसान परंपरागत रूप से जायद एवं ग्रीष्मकालीन फसलों जैसे लौकी, गिलकी, करेला, ककड़ी, तरबूज एवं खरबूज आदि की खेती करते हैं। इन किसानों के नाम व्यक्तिगत भू-स्वामित्व अथवा खसरा दर्ज नहीं होने के कारण वे ई-विकास पोर्टल के माध्यम से सामान्य प्रक्रिया के तहत उर्वरक के लिए ऑनलाइन ई-टोकन बुक नहीं कर पा रहे थे।

इस समस्या के समाधान के लिए हल्का पटवारी एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से संबंधित क्षेत्रों का स्थल निरीक्षण कर पात्र कृषकों का भौतिक सत्यापन किया गया है। कृषि विभाग के मैदानी अधिकारियों द्वारा पोर्टल पर पंजीयन की कार्रवाई सतत जारी है।

ग्राहक बनकर आई महिला ज्वेलर्स की दुकान से सोना लेकर फरार, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के सराफा बाजार में ठगी और चोरी की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। सराफा बाजार स्थित 'राज ज्वेलर्स' की दुकान पर ग्राहक बनकर पहुंची एक संदिग्ध महिला करीब 200 ग्राम सोने के आभूषण लेकर रफूचक्कर हो गई। घटना के तुरंत बाद पीड़ित दुकानदार ने कोतवाली थाने पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, करीब 25 वर्ष की यह युवती हरे रंग की साड़ी पहने हुए थी और उसने अपना मुंह कपड़े से ढका हुआ था। महिला ने बेहद चालाकी से दुकानदार को अपने झांसे में लिया और मौका मिलते ही



सोने के गहने लेकर चंपत हो गई। सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का मुआयना कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली टीआई गौरव सिंह बुंदेला ने बताया कि आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे है और जिले के सभी थानों को अलर्ट कर दिया गया है। पुलिस प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि मुंह बांधे इस संदिग्ध महिला के संबंध में कोई भी जानकारी मिलने पर तुरंत कंट्रोल रूम या कोतवाली थाना नर्मदापुरम को सूचित करें। वैसे चर्चा यह भी है कि जिस दुकान में चोरी हुई है उसे दुकान में ज्यादातर काम चांदी का ही होता है, हालांकि सूचना के बाद कोतवाली पुलिस युवती की तलाश में लग जुट गई है।

एसपीएम में स्व सहायता समूह उत्पाद मेले का समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रतिभूति कागज कारखाना में सतर्कता जागरुकता सप्ताह का आयोजन गरिमामयी तरीके से आयोजित किया गया। इसी क्रम में एसपीएम के कामगार कल्याण केंद्र मे शनिवार और रविवार को दो दिवसीय स्व सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों का मेला लगाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अपर महाप्रबंधक अमित कुमार ने फीता काट कर एवं माँ सरस्वती और लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण और दीपक प्रज्वलित कर किया गया था ।सयुंक्त महाप्रबंधक एवं सतर्कता जागरुकता सप्ताह समिति के अध्यक्ष अखिलेश गुप्ता ने बताया कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई और सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी, पारदर्शिता तथा सुशासन को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाने वाला एक देशव्यापी अभियान है। यह सप्ताह हर वर्ष उस सप्ताह में मनाया जाता है।

नेशनल में गोल्ड जीतकर इटारसी लौटीं पावरलिफ्टर ऋषिका

स्टेशन से चिकमंगलूर चौराहे तक हुआ स्वागत, 6 दिसंबर को इंग्लैंड में आयोजित स्पर्धा में करेंगी भारत का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

इटारसी। खेल के मैदान में इटारसी की बेटी ने एक बार फिर पूरे देश में शहर का नाम रोशन कर दिया है। हरियाणा के करनाल जिले के असंध में आयोजित राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल और बेस्ट प्लेयर का खिताब जीतकर लौटीं ऋषिका पटेल का सोमवार को इटारसी पहुंचने पर स्वागत किया। रेलवे स्टेशन से लेकर चिकमंगलूर चौराहे तक शहरवासियों और खेलप्रेमियों ने उन पर पुष्पवर्षा कर उनकी उपलब्धि का जश्न मनाया।

रॉ पावरलिफ्टिंग फेडरेशन इंडिया के तत्वावधान में 23 से 25 अक्टूबर तक असंध में तीन दिवसीय राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इस कड़े मुकाबले में पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र और जम्मू-कश्मीर सहित देश भर के करीब 300 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। फुल पावरलिफ्टिंग, बेंच प्रेस और डेडलिफ्ट की स्पर्धाओं वाले इस महाकुंभ में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहीं ऋषिका पटेल ने जूनियर वर्ग की डेडलिफ्ट स्पर्धा में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। उनके इस बेहतरीन और अदम्य प्रदर्शन के लिए उन्हें प्रतियोगिता के 'बेस्ट प्लेयर' के खिताब से भी सम्मानित किया।



अब तक जीते 20 पदक

ऋषिका पटेल इटारसी के शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज की मेधावी छात्रा और पत्रकार राकेश पटेल की सुपुत्री हैं। उन्होंने साबित कर दिया है कि लगन और कड़ी मेहनत हो तो बेटियां हर क्षेत्र में मुकाम हासिल कर सकती हैं। पढ़ाई के साथ-साथ खेल में निरंतर आगे बढ़ रहीं ऋषिका अब तक राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में 15 से 20 पदक अपने नाम कर चुकी हैं।

सोमवार को जैसे ही ऋषिका इटारसी रेलवे स्टेशन पहुंचीं, वहां मौजूद खेलप्रेमियों और गणमान्य नागरिकों ने उन्हें फूलमालाओं से लाद दिया।

केन्द्रीय जेल में बंदियों को वितरित की गई अंकसूची



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृप्ति शर्मा की उपस्थिति में सोमवार को केंद्रीय जेल नर्मदापुरम के खंड-अ, खंड-ब एवं खुली जेल में निरीक्षण सह जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृप्ति शर्मा ने केंद्रीय जेल के विभिन्न खंडों का निरीक्षण कर बंदियों से संवाद किया। उन्होंने बंदियों के रहन-सहन, जेल में उपलब्ध सुविधाओं, स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। साथ ही बंदियों को मानवीय संवेदनाओं के साथ जीवन में सकारात्मक सोच अपनाने तथा समाज की मुख्यधारा से जुड़कर बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कक्षा पांचवीं उत्तीर्ण करने वाले बंदियों को अंकसूची भी प्रदान की गई।

खबर संक्षेप

22 वर्षीय युवक ने लगाई फांसी

बैतूल। 22 वर्षीय युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान शिव शंकर पिता राजू उईके (22), निवासी केसला के रूप में हुई है। वह पिछले कुछ समय से खेड़ी सांवलीगढ़ में अपने चाचा के घर रह रहा था। घटना खेड़ी सांवलीगढ़ की इंदिरा कॉलोनी की है। पुलिस के मुताबिक, शिव शंकर अपने परिवार के साथ सील-बट्टे बनाने का काम करता था। उसे शराब पीने की आदत थी। इस बात को लेकर उसकी मां अक्सर उसे डांटती थी। बताया जा रहा है कि वह काम से लौटने के बाद शराब पीकर घर आता और कमरे का दरवाजा बंद कर सो जाता था। मंगलवार को भी उसने ऐसा ही किया। परिवार के लोगों ने समझा कि वह सो रहा है। काफी देर तक दरवाजा खटखटाने के बाद भी जब अंदर से कोई जवाब नहीं मिला तो परिजनों ने दरवाजा तोड़ा। अंदर शिव शंकर फांसी के फंदे पर लटका मिला। जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजन शव लेकर उसके गृह ग्राम केसला रवाना हुए, जहां उसका अंतिम संस्कार किया जाएगा। पुलिस शराब पीने को लेकर परिवार की नाराजगी को आत्महत्या की संभावित वजह माना जा रहा है। हालांकि आत्महत्या के वास्तविक कारणों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। मामले की मर्ग डायरी कोतवाली पुलिस से खेड़ी सांवलीगढ़ पुलिस चौकी भेजी जा रही है।

माध्यमिक शाला पतौवापुरा में बिदाई समारोह आयोजित

शाहपुर। कुंडी संकुल की माध्यमिक शाला पतौवापुरा में कार्यरत श्रीमती बिंदु नामदेव 30 अक्टूबर को सेवानिवृत्ति हुई। उनकी सेवानिवृत्ति पर शालेय परिवार द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में श्रीमती बिंदु नामदेव, उनके पति पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी शाहपुर वीरेंद्र नामदेव एवं उनकी 80 वर्षीय माताजी सहित पूरा परिवार उपस्थित रहा। समारोह में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक राधेलाल भादें एवं पाठई स्कूल की प्राचार्य शैली जैन भी सोहागपुर ढाना स्कूल से राजेंद्र मालवीय, सांदीपनि विद्यालय शाहपुर से कमलेश शर्मा एवं जन शिक्षा केंद्र कुंडी से जन शिक्षक दीपना जगताप भी उपस्थित रही। सभी के द्वारा शाल, श्रीफल एवं उपहार भेट कर, फूलो की मालाओं, गुलदस्तो से बिंदु नामदेव मैडम का सम्मान किया गया। कक्षा सातवीं की छात्रा प्रियांशी सोनी द्वारा खुद के द्वारा स्वरचित गीत सुनाया गया। शालेय परिवार द्वारा सम्मान समारोह में पूर्व में सेवानिवृत हो चुके शिक्षक श्री विश्वकर्मा एवं मुन्नालाल तुमराम को भी आमंत्रित किया गया। उनका भी सम्मान किया गया। बिंदु नामदेव द्वारा अपने सेवाकाल के 38 वर्ष के अनुभव, क्रियाकलाप को साझा किया गया। सभी को अपने कार्य में आने वाली बधाओं से डटकर मुकाबला करने के लिए प्रोत्साहित किया।

कलेक्टर ने अधिकारियों को सौंपे प्रमाण पत्र



बैतूल। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित समय-सीमा बैठक के दौरान जिले के विभिन्न विभागीय कार्यालयों को प्राप्त आईएसओ प्रमाण पत्र संबंधित अधिकारियों को प्रदान किए। उन्होंने अधिकारियों को कार्यालयीन व्यवस्थाओं में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं बेहतर सेवा प्रदान करने की दिशा में निरंतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने कम्यूनिटी सेंटर शाहपुर एनआरएलएम के लिए जिला प्रबंधक एनआरएलएम सतीश पवार, संयुक्त तहसील कार्यालय के लिए एसडीएम डॉ. अभिजीत सिंह एवं अधीक्षक भू-अभिलेख कीर्ति डेहरिया, खनिज कार्यालय के लिए जिला खनिज अधिकारी मनीष पालेवाल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी कार्यालय बैतूल के लिए कार्यपालन यंत्री श्री रवि

सिंचाई के लिए किसानों को नहीं मिलेगा पानी !

रबी की बोवनी का रकबा 41 प्रतिशत तक घटने का अनुमान

खरीफ फसलें बचाने में ही खर्च हो गया कुएं-ट्यूबवेल का पानी, अब रबी फसल की चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



इस साल अल्पवर्षा और मानसून की समय से पूर्व विदाई का असर जिले के जलस्त्रोत कुंओं और ट्यूबवेलों पर पडने लगा है। किसानों ने धान, मूंगफली और गन्ने की फसल बचाने के लिए कुओं और ट्यूबवेल से सिंचाई कर दी। अब रबी की बोवनी के लिए पानी कम बचने की आशंका है। हालात यह है कि मानसून की समय से पहले बिदाई के कारण धान के खेतों में पानी देना पड़ा। खेत सूखने से मूंगफली की फसल नहीं निकल पा रही थी। जिससे खेतों से मूंगफली निकालने के पूर्व पानी देना किसानों की मजबूरी बन गई। इन सब के चलते खेत में ट्यूबवेल और कुंओं में जमा पानी खरीफ फसलों को बचाने में ही खर्च हो रहा है। इस स्थिति में किसानों के पास रबी फसल चना, सरसो के लायक भी पानी बचने की उम्मीद नहीं है। बता दे कि जिले के 200 बांधों में से 127 में 50 प्रतिशत तक ही पानी भर पाया है। जल उपयोगिता समिति ने कम पानी वाले बांधों से सिंचाई के लिए पानी नहीं देने का फैसला किया है। बाकी 73 बांधों से भी किसानों को केवल एक या दो बार पानी मिल सकेगा।

खरीफ फसल बचाने में ही खर्च हो रहा पानी

समय से पहले मानसून की विदाई और अक्टूबर में तेज धूप के कारण खेतों की नमी तेजी से कम हुई। इसलिए किसानों ने फसल बचाने सिंचाई की। भरकावाड़ी बैतूल बाजार के किसान जितेन्द्र चौधरी, राजेन्द्र वर्मा, चंदशेखर यादव के मुताबिक, धान की फसल नवंबर के दूसरे पखवाड़े में पककर तैयार होती है। बारिश बंद होने के कारण अक्टूबर की शुरुआत से ही खेतों में पानी देना पड़ा। खेतों में नमी कम होने से मूंगफली निकालने में परेशानी हो रही है। जमीन सूखने से पौधे खींचने पर टूट जाते हैं और फलियां मिट्टी में ही रह जाती हैं। इसलिए मूंगफली निकालने से पहले खेत में पानी देना पड़ रहा है। गन्ने की फसल को भी सिंचाई की जरूरत है। किसान फिलहाल खरीफ की खड़ी फसलों को बचाने में जुटे हैं, लेकिन उन्हें रबी की बोवनी के लिए पानी बचाने की चिंता भी है।

50 प्रतिशत से कम भरे जलाशयों से नहीं मिलेगा पानी

विगत दिनों जल उपयोगिता समिति की बैठक में कम जलभराव वाले बांधों का पानी पेयजल और निस्तार के लिए सुरक्षित रखने का फैसला किया है। 50 प्रतिशत से कम भरे बांधों से सिंचाई के लिए पानी नहीं दिया जाएगा। वहीं, 50 से 70 प्रतिशत तक भरे बांधों से खेती के लिए एक या दो बार पानी देने की व्यवस्था की जाएगी। पेयजल और निस्तार के लिए पानी सुरक्षित रखने के कारण सिंचाई के लिए उपलब्ध पानी सीमित हो गया है।

पेयजल के लिए भी बांधों में पानी आरक्षित

कम बारिश के बीच शहरों और गांवों में पेयजल की जरूरत पूरी करना भी चुनौती है। बैतूल शहर की जलापूर्ति माचना और ताप्ती नदी से जुड़े जलस्रोतों पर निर्भर है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, माचना पर बने लाखापुर बांध में 2.56 मिलियन घनमीटर पानी आरक्षित किया गया है। पारसडोह और घोघरी बांधों में भी पानी सुरक्षित रखा गया है। इन जलस्रोतों से बैतूल और बुरहानपुर जिलों की जरूरत के अनुसार पानी छोड़ा जाता है। वहीं, आठनेर के लिए बाकुड़ बांध में 1.2 मिलियन घनमीटर और बैतूल के लिए गढ़ा बांध में 2 मिलियन घनमीटर पानी आरक्षित रखने की जानकारी है।

रकबा घटने की आशंका

किसानों ने अब रबी फसलों की बोवनी भगवान भरोसे छोड़ दी है। गेहूं की फसल लायक तो पर्याप्त पानी बचा नहीं। ऐसे में किसान कम पानी में पकने वाली फसलें चना, सरसो आदि लगाने का मन बना रहे है। यहीं कारण है कि जिले में रबी की खेती का क्षेत्र घट सकता है और इसका असर फसल उत्पादन और किसानों की आय पर भी पडने की आशंका है। किसानों के पास जो थोड़ा पानी है, वह खरीफ फसल बचाने में ही खर्च हो रहा है। यदि यही हाल रहा तो जिले में इस साल रबी फसलों की बुवाई आधी से भी कम होने की संभावना है। इधर बांधों से भी सीमित सिंचाई मिलने के कारण रबी की खेती प्रभावित होने की आशंका है।

पिता को दी मुखाग्नि

पिता को बेटी ने दिया कंधा निभाया बेटे का फर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैंसदेही

कुछ विदाइयां केवल आंखों को नम नहीं करतीं, बल्कि समाज की सोच को भी बदल देती हैं। ऐसी ही एक भावुक कर देने वाली विदाई रविवार को भैंसदेही के पूर्णा घाट मोक्षधाम पर देखने को मिली। स्व. अशोक सोनारे को उनकी कक्षा आठवीं में अध्ययनरत नन्हीं बेटी रिद्धि सोनारे ने कंधा देकर बेटे का फर्ज निभाया और मुखाग्नि प्रदान की। पिता के प्रति बेटी के साहस और समर्पण का यह दृश्य देखकर वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम हो गईं। भैंसदेही क्षेत्र के परिचित व्यक्तित्व अशोक सोनारे ने 31 अक्टूबर को नागपुर के एक निजी अस्पताल में लंबी बीमारी से संघर्ष करते हुए अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। रविवार को उनके निज निवास से अंतिम यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रवासी, शिक्षकगण, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और शुभचिंतक शामिल हुए। पूर्णा घाट मोक्षधाम पर गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया। जिस उम्र में बच्चों के कंधों पर स्कूल बस्ता होता है, उस उम्र में रिद्धि को जीवन की सबसे कठिन जिम्मेदारी निभानी पड़ी। पिता की चिता के सामने पूरे साहस के साथ खड़ी होकर उसने मुखाग्नि दी। इस कठिन घड़ी में परिवार की भतीजियों पूर्वी सोनारे और माही सोनारे ने भी रिद्धि का साथ निभाया और अंतिम संस्कार की प्रक्रिया में सहयोग किया। बेटियों ने अपने साहस से यह संदेश दिया कि माता-पिता के प्रति कर्तव्य निभाने में बेटा-बेटी में कोई अंतर नहीं होता।

मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे अशोक सोनारे

स्वर्गीय अशोक सोनारे भैंसदेही में किसी परिचय के मोहताज नहीं थे। शिक्षक परिवार में जन्मे अशोक सोनारे ने शिक्षा के बाद शिक्षक के रूप में सेवा प्रारंभ की और बाद में छात्रावास अधीक्षक के दायित्व का निर्वहन किया। सहज, सरल और मिलनसार स्वभाव के कारण हर वर्ग में उनकी आत्मीय पहचान थी। लगभग 53 वर्ष की आयु में उनका असमय निधन परिवार और समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।

महज 100 रुपए के विवाद में युवक पर पेट्रोल डालकर लगाई आग

देर रात की सनसनीखेज वारदात, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

सोनू देशमुख पर लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

नगर में महज 100 रुपए उधार लेने की बात को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर पेट्रोल डालकर आग लगाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। रविवार देर रात हुई इस घटना में राजेश परते (35 वर्ष) गंभीर रूप से झुलस गया। बताया जा रहा है कि आग की चपेट में आने से उसका शरीर 40 प्रतिशत से अधिक झुलस गया है। घटना के बाद घायल युवक को उपचार के लिए मुलताई के सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए बैतूल जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। फिलहाल उसका उपचार जारी है। पीड़ित राजेश परते ने बताया कि उसकी अभिषेक और सोनू के साथ दोस्ती है। मुलताई निवासी सोनू देशमुख और अभिषेक के बीच करीब तीन दिन पहले किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। रविवार रात लगभग 12 बजे अभिषेक ने राजेश से 100 रुपए उधार लिए थे। आरोप है कि इसी बात को लेकर सोनू राजेश से नाराज हो गया और उसने राजेश को निशाना बनाते हुए उसके साथ मारपीट की।



पेट्रोल डालकर आग लगाने का लगाया आरोप

राजेश के अनुसार, उसका सोनू देशमुख के साथ कोई व्यक्तिगत विवाद नहीं था। इसके बावजूद सोनू ने कथित तौर पर 100 रुपए उधार देने की बात को लेकर उसके साथ मारपीट की और उस पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। अचानक हुई इस घटना में राजेश बुरी तरह झुलस गया। घटना के बाद उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल बैतूल रेफर कर दिया।

गंभीर हालत में जिला अस्पताल में उपचार जारी

घटना में युवक के 40 प्रतिशत से अधिक झुलसने की जानकारी सामने आई है। गंभीर रूप से घायल राजेश का बैतूल जिला चिकित्सालय में उपचार किया जा रहा है। मामूली रकम को लेकर हुए विवाद में युवक को इस तरह आग के हवाले किए जाने की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना के वास्तविक कारणों, विवाद की परिस्थितियों और आग लगाने के आरोपों की जांच के बाद ही पूरे मामले की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

ग्राम पंचायत के सचिव का कारनामा

नाली को रपटा दिखाकर ग्राम पंचायत कनोजिया में हुआ गोलमाल, राशि भी निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ आमला

जनपद पंचायत आमला की ग्राम पंचायत कनोजिया में समय-समय पर नित-नए मामले सामने आते रहे है। जिससे ग्राम पंचायत की कार्यप्रणाली हमेशा सुर्खियों में बनी रहती है।

अब नए मामले में ग्राम पंचायत कनोजिया के देवधर गंगारे ने ग्राम पंचायत के सचिव गणपति अलोने पर भ्रष्टाचार करने के आरोप लगाए है। उन्होंने बताया कि पांचवे वित राज्य आयोग से वर्ष 2025 में अनुसुइया बोखारे का घर मेन रोड पर एक नाली बनाकर और उसके ऊपर फ्लोर डालकर, उसे रपटा दिखा दिया गया, और इसके लिए 3 लाख रुपए से अधिक की राशि का आहरण कर लिए गया। ग्रामीणनो ने अपना नाम न छापने की शर्त पर बताया कि इस राशि का कार्य जगह पर हुआ ही नही है, फिर भी इतनी बड़ी राशि का आहरण मिलीभगत से कर लिया गया। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत की कार्यप्रणाली को लेकर कई मर्तबा पहले भी शिकायत कराई थी, लेकिन उनके आवेदन पर आज तक कोई कार्यवाही नही हुई, जिससे ग्रामीणनो में रोष व्याप्त है।



उपयंत्री की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल

ग्राम पंचायत के उपयंत्री अमित तिवारी की कार्यप्रणाली को लेकर भी ग्रामीणजन कई बार शिकायत कर चुके हैं। उपयंत्री की सह और मिलीभगत से घटिया निर्माण के कार्यो का मूल्यांकन , सीसी, बिल सब आंख मूंद के पास किया जा रहा है और जनता की गाडी कमाई को ठिकाने लगाने का कार्य जिम्मेदार कर रहे है।

नाली के लेंटर के नीचे दिख रहे बॉस

जहाँ ग्राम पंचायत ने रपटा बनाया है, उस पर नाली के लेंटर के नीचे बॉस दिखाई दे रहे है। ऐसा लगता है कि ग्राम पंचायत ने बिना सेंट्रिंग के बॉस के ऊपर से ही लेंटर डाल दिया है। सेंट्रिंग में लगने वाली राशि को बचाकर ग्राम पंचायत के जिम्मेदारो ने अपनी जेब गरम करने का काम किया है। ग्रामीणों ने इस रपटा निर्माण की जांच की मांग की है।

आरटीआई में भी नहीं देते जानकारी

ग्राम पंचायत कनोजिया के लोक सूचना अधिकारी सचिव गणपति अलोने, सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगने पर भी आवेदक को जानकारी नही देते है। जबकि नियमानुसार 30 दिवस के भीतर आवेदक को जानकारी उपलब्ध कराने का प्रावधान है।

इनका कहना है

जैसी टीएस बनी थी, वैसे ही नाली बनाकर रपटा डाला गया है।

गणपति अलोने
सचिव, ग्राम पंचायत कनोजिया

पुलिस ने अवैध शराब के साथ 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार

बैतूल। कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही कर दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है। चौकी पाढर को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि बालाजी कॉलेज आठवां मील के पीछे श्मशान घाट के पास दो व्यक्ति मोटर सायकल से भारी मात्रा में अवैध शराब बेचने हेतु आने वाले हैं। सूचना की तस्दीक हेतु तत्काल पुलिस टीम गठित कर मौके पर रवाना किया गया, जहाँ घेराबंदी कर दो व्यक्तियों को मोटर सायकल सहित पकड़ा गया। पूछताछ पर



युवकों ने अपना नाम मन्तु कुमरे पिता भारत कुमरे एवं विनोद धुर्वे पिता मनोहर धुर्वे दोनों निवासी ग्राम गोंडी बडगी, थाना कोतवाली बैतूल का होना बताया। आरोपियों के कब्जे से मोटर सायकल पर रखी 04 बोरियों में कुल 392 क्वार्टर अवैध अंग्रेजी/ देशी शराब कीमती 43,472 रुपये एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल क्रमांक एमपी 48 एमटी 5617 कीमती 50,000 रुपये कुल कीमती करीबन 93,472रुपये का मशरूका जप्त किया गया। आरोपियों के विरुद्ध थाना कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस कार्रवाही में निरीक्षक देवकरण डेहरिया, उनि छत्रपाल धुर्वे, सउनि जगदीश रैकवार, प्र.आर. कामता प्रसाद, आर. विष्णु चौहान, सैनिक बंडू दरवई एवं साक्षीगण की सराहनीय भूमिका रही।

बैतूल में आज आयोजित होगा विकसित भारत युवा संसद

बैतूल। मेरा युवा भारत माय भारत, बैतूल द्वारा विकसित भारत युवा संसद जिस की थीम वन नेशन वन इलेक्शन 2027 के आठवें संस्करण के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 3 नवंबर 2026 को किया जाएगा। यह कार्यक्रम अटल सभागार ऑडिटोरियम शासकीय महाविद्यालय बैतूल में सुबह 10 बजे से आयोजित होगा। मेरा युवा भारत बैतूल जिला युवा अधिकारी सुषमा गवली ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन मेरा युवा भारत, बैतूल युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करना और राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। आयोजन में भाग लेने के लिए प्रतिभागी का बैतूल जिले का निवासी होना अनिवार्य है और उसकी आयु 18वर्ष से 25 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

पाइपलाइन व खराब हैंडपंप की समस्या से बढ़ी परेशानी, आंदोलन की दी चेतावनी

रामनगर वार्ड में पेयजल संकट से परेशान महिलाओं का नपा में हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

नगर के रामनगर वार्ड में पेयजल की समस्या से परेशान महिलाओं का आक्रोश सोमवार को सामने आया। वार्ड में पाइपलाइन नहीं होने के कारण कई परिवारों को पानी के लिए एकमात्र सार्वजनिक नल पर निर्भर रहना पड़ रहा है।

पर्याप्त पानी नहीं मिलने और रोजाना होने वाली परेशानी से नाराज महिलाओं ने सोमवार को नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर अपनी समस्या उठाई और अधिकारियों के समक्ष नाराजगी जताते हुए जल्द स्थायी समाधान किए जाने की मांग की। महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही पेयजल समस्या का निराकरण नहीं किया गया तो वार्ड की महिलाएं एकजुट होकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगी। महिलाओं ने बताया कि रामनगर वार्ड के कई हिस्सों में अब तक पेयजल पाइपलाइन नहीं बिछाई गई है। इसके चलते अनेक परिवारों को पानी भरने के लिए एक सार्वजनिक नल का सहारा लेना पड़ता है। सुबह और शाम पानी भरने के समय नल पर लोगों की लंबी कतार लग जाती है। एक ही स्थान पर बड़ी संख्या में परिवारों के निर्भर रहने से सभी को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता। कई बार पानी भरने को लेकर परिवारों के बीच विवाद की स्थिति भी निर्मित हो जाती है। महिलाओं का कहना है कि रोजमर्रा की इस समस्या के कारण उन्हें घरेलू कामकाज के साथ ही अन्य जरूरी कार्यों में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पाइपलाइन कार्य के दौरान हैंडपंप तोडने का आरोप

महिलाओं ने आरोप लगाया कि वार्ड में पाइपलाइन डालने का कार्य किए जाने के दौरान ठेकेदार द्वारा वहां मौजूद हैंडपंप को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। इसके बाद से हैंडपंप बंद पड़ा है और अब तक उसकी मरम्मत नहीं कराई गई। यदि हैंडपंप को दुरुस्त कर दिया जाता तो लोगों को सार्वजनिक नल पर निर्भर नहीं रहना पड़ता और पेयजल संकट से कुछ राहत मिल सकती थी। महिलाओं का कहना है कि वे लंबे समय से इस समस्या को नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के संज्ञान में ला रही हैं, लेकिन अब तक कोई स्थायी व्यवस्था नहीं की गई है।



एक सार्वजनिक नल के भरोसे कई परिवार

नगर पालिका पहुंचकर महिलाओं ने जताई नाराजगी

पेयजल समस्या से परेशान प्रियंका ताइवाडे, शुभांगी सोलंकी और संध्या पवार सहित अन्य महिलाएं सोमवार को नगर पालिका कार्यालय पहुंचीं। उन्होंने अधिकारियों को वार्ड की स्थिति से अवगत कराते हुए कहा कि एक सार्वजनिक नल से कई परिवारों की पानी की जरूरत पूरी होना संभव नहीं है। गर्मी हो या सामान्य दिन, पानी के लिए रोजाना संघर्ष करना पड़ता है। महिलाओं ने मांग की कि वार्ड में जल्द से जल्द पाइपलाइन बिछाकर घरों तक नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही क्षतिग्रस्त हैंडपंप की भी तत्काल मरम्मत कराई जाए। इस दौरान वार्ड पार्षद शिल्पा शर्मा भी मौजूद रहीं।

रेलवे क्षेत्र से पाइपलाइन क्रॉसिंग का कार्य पूरा: सब इंजीनियर

मामले में नगर पालिका के सब इंजीनियर महेश शर्मा ने बताया कि अमृत योजना के अंतर्गत रेलवे क्षेत्र से पाइपलाइन क्रॉसिंग किए जाने का कार्य पूरा कर लिया गया है। अब जल्द ही रामनगर वार्ड में पाइपलाइन के माध्यम से घरों तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि इस दिशा में आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। फिलहाल वार्डवासियों को नई पाइपलाइन से नियमित पेयजल आपूर्ति शुरू होने का इंतजार है। अब देखना होगा कि नगर पालिका द्वारा दिए गए आश्वासन के अनुरूप कितनी जल्दी व्यवस्था शुरू होती है और लंबे समय से पेयजल संकट का सामना कर रहे परिवारों को राहत मिल पाती है।

खबर संक्षेप

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन आज

सोहागपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा शहर की माधव बस्ती का पथ संचलन मंगलवार को आयोजित किया जा रहा है। पथ संचलन निकाले जाने के पहले बस्ती क्षेत्र के समस्त स्वयंसेवक काली मंदिर परिसर के सामने दोपहर 3:30 बजे एकत्रित होंगे। जहां से चार बजे पथ संचलन निकाला जाएगा। संघ कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर नगर एवं माधव बस्ती के नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर संचलन में सहभागिता का आग्रह किया है।

दिव्यांगों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आज

सोहागपुर। सोहागपुर जपं परिसर में आज दिव्यांगों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रक्रिया तहत शिविर आयोजित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नर्मदापुरम द्वारा जारी आदेश के अनुसार शिविर सुबह 11 बजे से शाम पांच बजे तक आयोजित होगा। शिविर में जिला मेडिकल बोर्ड सदस्य एवं विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित रहेंगे। शिविर का लक्ष्य दिव्यांगों का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार प्रमाण-पत्र संबंधी कार्यवाही में सहायता उपलब्ध कराना है।

जिला जेल का निरीक्षण कर लिया जायजा

सीहोर। रविवार को प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष संजीव कुमार अग्रवाल ने जिला जेल का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल में निरुद्ध बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा उन्हें विधिक अधिकारों और निःशुल्क विधिक सहायता के संबंध में जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश अग्रवाल ने बंदियों से उनके प्रकरणों की स्थिति, अधिवक्ता की नियुक्ति, अपील एवं जमानत आवेदन तथा जमानत स्वीकृत होने के बाद भी जेल में निरुद्ध बंदियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। प्रधान जिला न्यायाधीश ने जेल की पाकशाला, लीगल एड क्लीनिक, मुलाकाती लीगल एड हेल्प डेस्क, जेल डिस्पेंसरी, महिला सेल एवं बंदियों के बैरकों का निरीक्षण किया।

पिपरिया में दिव्यांगजन परीक्षण शिविर का आयोजन, 168 ने कराया पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत एवं नगरपालिका परिषद क्षेत्र के दिव्यांग जनों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से एक विशाल दिव्यांगजन सामूहिक परीक्षण एवं सहायता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पूजन-अर्चन के साथ किया गया।



1 मानसिक तथा 4 दृष्टिबाधित हितग्राहियों सहित कुल 168 दिव्यांगजनों ने अपना पंजीकरण कराया।जांच व परीक्षण के उपरांत शिविर में कुल 48 हितग्राहियों को सहायक उपकरणों के लिए चिन्हित किया गया। इनमें से 17 हितग्राहियों को आर्टिफिशियल (कृत्रिम) अंगों तथा 28 लोगों को मौके पर ही कृत्रिम अंग तैयार कर प्रदान किए गए। शेष हितग्राहियों को जल्द ही सामग्री उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया। इसके अलावा, पात्र हितग्राहियों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

48 को सहायक उपकरणों के लिए चिन्हित किया

शिविर में जनपद पंचायत क्षेत्र से 70 अस्थिबाधित, 10 श्रवण बाधित, 9 मानसिक एवं 10 दृष्टिबाधित हितग्राहियों ने पंजीयन कराया। वहीं नगरपालिका परिषद क्षेत्र से 61 अस्थिबाधित, 2 श्रवण बाधित,

जनप्रतिनिधियों समेत नागरिकों की रही उपस्थिति

शिविर में मुख्य अतिथि विधायक ठाकुरदास नागवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल, भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राजीव जायसवाल, पूर्व जिला सतर्कता निगरानी समिति सदस्य अरविंद राय, जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी (CEO) श्रीराम सोनी, दयाचंद उभरे, ब्लॉक अध्यक्ष एन. अभियान, बीएमओ डॉ. राजकुमार पटेल, लेखापाल आर. एल. सिंह, मधु तिवारी, शैलेश भदौरिया, विजय आदिवासी सहित सभी ग्राम पंचायतों के सचिव, रोजगार सहायक एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

डॉक्टरों की 28 सदस्यीय टीम ने सेवाएं दी

दिव्यांगजनों के परीक्षण के लिए जिला अस्पताल से 28 डॉक्टरों एवं विशेषज्ञों की टीम पहुंची थी। शिविर में आए हितग्राहियों एवं डॉक्टरों के लिए भोजन, पेयजल और बैठने की समुचित व्यवस्था की गई थी।

ट्राइसाइकिल व व्हीलचेयर की उठी मांग

शिविर के दौरान कई हितग्राहियों ने व्हीलचेयर एवं स्कूटी/ट्राइसाइकिल प्रदान करने की मांग रखी। स्थानीय लोगों ने ध्यान आकर्षित कराया कि शहीद भगत सिंह कॉलेज में पूर्व से व्हीलचेयर रखी हुई हैं, जिन्हें समय पर वितरित नहीं किया गया।

उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों ने दिव्यांगजनों से चर्चा करते हुए उन्हें हर संभव मदद और उपकरण जल्द से जल्द उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन पुरुषोत्तम दुबे ने किया।

पुलिस ने बनाए तीन प्रकरण, सामान भी किया गया बरामद

विस्फोटक सामग्री का भंडारण करने पर 3 व्यक्तियों के पर की कार्रवाई

जिले में पुलिस द्वारा अवैध विस्फोटक सामग्री के भंडारण एवं विक्रय के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई। इस दौरान घनी आबादी क्षेत्र में भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री पटाखा भंडार पाया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



माखन नगर जिले में पुलिस द्वारा अवैध विस्फोटक सामग्री के भण्डारण एवं विक्रय के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम दीपक कुमार शुक्ला (आईपीएस) द्वारा प्राप्त निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम अभिषेक राजन एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सोहागपुर अरविन्द शाह के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में थाना प्रभारी माखननगर निरीक्षक कंचनसिंह ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस टीम एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम आरी में 165000 के पटाखे जब्ती की कार्यवाही की गई।

सूचना मिलने पर की गई कार्रवाई

सोमवार को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त होने पर उपनिरीक्षक राजेन्द्र सिंह राजपूत एवं पुलिस स्टाफ के हमराह नायब तहसीलदार सुनील गडवाल, द्वारा ग्राम आरी पहुंचकर सूचना का सत्यापन किया गया। सूचना सही पाए जाने पर अतिरिक्त पुलिस बल को मौके पर बुलाया गया।

घनी आबादी वाले क्षेत्र में रखी थी विस्फोटक सामग्री

संयुक्त टीम द्वारा ग्राम आरी में नवीन जैन, मनोज जैन एवं हर्ष साहू के मकान एवं दुकानों की जांच की गई। जांच के दौरान तीनों व्यक्तियों द्वारा घनी आबादी वाले रहवासी क्षेत्र में बड़ी मात्रा में पटाखों का भण्डारण किया जाना पाया गया। उक्त भण्डारण विस्फोटक अधिनियम के प्रावधानों के विपरीत एवं सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाला पाया गया।

तीन अपराध किये गये पंजीबद्ध, पटाखे भी जब्त हुए

मौके पर विधिवत कार्यवाही करते हुए तीनों स्थानों से विस्फोटक सामग्री (पटाखे) जप्त किए गए। आरोपियों द्वारा विस्फोटक पदार्थ को असुरक्षित एवं उपेक्षापूर्वक रखे जाने से उनके विरुद्ध धारा 9(बी) विस्फोटक अधिनियम एवं धारा 288 भारतीय न्याय संहिता (BNS) के तहत पृथक पृथक 03 अपराध पंजीबद्ध किया गया है , कुल जप्त पटाखे की कीमत एक लाख 65 हजार है।

कार्यवाही के दौरान जप्त सामग्री को नियमानुसार जब्त कर थाना माखननगर के मालखाने में सुरक्षित जमा कराया गया। प्रत्येक आरोपी के विरुद्ध पृथक-पृथक प्रथम सूचना पत्र (FIR) पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई है।

इनकी रही भूमिका

की गई कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह ठाकुर, उनि0 अशोक बरबडे, उनि0 राजेन्द्र सिंह राजपूत , सउनि वीरेन्द्र शुक्ला, सउनि गोपाल पाल, प्रआर अजय रघुवंशी, आर शुभम राय, मआरस्वाती राजपूत शामिल रहे।

पुराने बस स्टैंड को लेकर व्यापारियों का आंदोलन

आज दोपहर 1 बजे तक इटारसी बंद रखने की अपील

मुख्य बस स्टैंड शुरू कराने की मांग पर संयुक्त व्यापार महासंघ ने संभाला मोर्चा, शहरवासियों से आंदोलन में शामिल होने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शहर के पुराने मुख्य बस स्टैंड को पुनः शुरू कराने की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। इस मुद्दे को लेकर संयुक्त व्यापार महासंघ ने मंगलवार, 3 नवंबर को इटारसी में सांकेतिक बंद का आह्वान किया है। महासंघ ने सभी व्यापारियों, दुकानदारों और नागरिकों से दोपहर 1 बजे तक अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर इस मुहिम को समर्थन देने की अपील की है। महासंघ का कहना है कि मुख्य बस स्टैंड इटारसी की पहचान होने के साथ ही शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों लोगों की आवागमन व्यवस्था का प्रमुख केंद्र रहा है। इसके बंद होने से आम नागरिकों, यात्रियों और व्यापारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बस स्टैंड की पुरानी व्यवस्था बहाल होने से शहर की यातायात सुविधा और व्यापारिक गतिविधियों को भी राहत मिल सकती है।

संयुक्त व्यापार महासंघ ने इस बंद को किसी व्यक्ति या संस्था के विरोध का माध्यम न बताते हुए इसे पूरी तरह जनहित और शहर के विकास से जुड़ा आंदोलन बताया है। महासंघ ने शहरवासियों से एकजुट होकर सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि मुख्य बस स्टैंड को पुनः शुरू कराने की मांग को मजबूती से उठाना जरूरी है।

अन्य दल भी कर चुके विरोध

ग्रामीण इलाकों से खरीदारी के लिए इटारसी आने वाले लोगों की संख्या पर भी असर पड़ा है। व्यापारियों को कारोबार में नुकसान की चिंता है। वहीं पुराने बस स्टैंड पर बसों को 5 मिनट रोकने की मांग को लेकर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी भी विरोध जता चुकी हैं।

सीएम राइज़ स्कूल में लगाया विधिक साक्षरता शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सीएम राइज़ स्कूल अर्थात संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

यह शिविर मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आदेश अनुसार किया गया। 'सुरक्षित बचपन अभियान' अंतर्गत आयोजित शिविर में प्राचार्य, स्कूल स्टाफ, विद्यार्थी तथा न्यायाधीशगण उपस्थित रहे।

न्यायाधीश अतुल कुमार सक्सेना द्वारा बच्चों को पास्को एक्ट की जानकारी दी गई। बच्चों को मोबाइल, बैड टच-गुड टच की जानकारी देते हुए अपरिचितों से बातचीत में सावधानी के बारे में भी बताया गया। बच्चों को विधिक सहायता की हेल्पलाइन नंबर 15100 की भी जानकारी दी गई।

विजय छाबड़िया नन्नू बने सोहागपुर व्यापारी संघ अध्यक्ष उनके मनोनयन पर व्यापारियों ने किया आत्मीय स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नगरवासी व्यापारी विजय नन्नू छाबड़िया को सोहागपुर व्यापारी संघ का अध्यक्ष चुना गया है। रविवार शाम काली मंदिर परिसर में हुई संगठन की बैठक में सर्व सहमति से यह निर्णय लिया गया है।

व्यापारी संघ संरक्षक मंडल से प्राप्त जानकारी अनुसार सर्व सहमति से विजय नन्नू छाबड़िया को संगठन का नया अध्यक्ष चुना गया है। संरक्षक मंडल द्वारा तय किया गया है कि छाबड़िया का कार्यकाल आगामी तीन वर्ष तक रहेगा। छाबड़िया के चयन पर व्यापारियों ने हर्ष व्यक्त किया है तथा अपेक्षा की है कि उनका कार्यकाल सभी वर्गों के व्यापारियों के हितों में कार्य करने के लिए जाना जाए। उल्लेखनीय है कि नगर का बाजार अव्यवस्थित है। जिसकी उचित व्यवस्था बनाने की मांग लगातार की जा रही है। नागरिकों को अपेक्षा है कि छाबड़िया के नेतृत्व में फुटकर एवं अस्थाई व्यापारियों के हितों के लिए उचित निर्णय लिए जाएंगे तथा उनकी दुकानों का उचित व्यवस्थापन किया जाएगा। ताकि बाजार की व्यवस्था भी सुधरे



और किसी भी व्यापारी के हितों का नुकसान ना हो। आगामी तीन वर्ष व्यापारी संघ के नए अध्यक्ष छाबड़िया के लिए चुनौतीपूर्ण होने वाले हैं। क्योंकि बाजार का व्यवस्थापन अति आवश्यक है। इस लक्ष्य को सभी व्यापारियों को खुश रखते हुए पाना टेढ़ी खीर साबित हो सकता है।

सांसद व विधायक के करीबी

उल्लेखनीय है कि सोहागपुर व्यापारी संघ के नव चयनित अध्यक्ष विजय नन्नू छाबड़िया सांसद दर्शन सिंह चौधरी तथा विधायक विजयपाल सिंह के करीबी माने जाते हैं। नगर परिषद की पिछली पंचवर्षीय के प्रशासक काल में पर्दे के पीछे से उनकी भूमिका जाहिर रही है। भाजपा में उन्हें सोहागपुर शहर का पावर सेंटर भी माना जाता है। देखना यह होगा कि सत्ता के पावर सेंटर माने जाने वाले विजय नन्नू छाबड़िया सोहागपुर बाजार के विकास को लेकर क्या नई योजनाएं बनाते हैं। नागरिकों को यह प्रतीक्षा भी है कि छाबड़िया की सांसद एवं विधायक से निकटता सोहागपुर बाजार के विकास के लिए कितनी लाभदायक सिद्ध होती है।

ठेके पर सफाई व्यवस्था का नहीं मिल रहा शहर को लाभ

शहर में जगह-जगह लगे रहते हैं कचरे के ढेर



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शहर में सफाई व्यवस्था का कार्य नगर परिषद द्वारा ठेके पर दिया गया है। लेकिन इसके सफल परिणाम शहरवासियों को नहीं मिल रहे हैं। प्रतिदिन सुबह देर तक कचरे के ढेर सार्वजनिक स्थलों पर लगे रहते हैं। ढेरों को फैलाकर मवेशी इनमें भोजन तलाशते देखे जा सकते हैं, इससे नागरिक परेशान हैं।

ठेकेदार की मनमानी पर रोक नहीं नहीं लग पा रही है। नागरिकों ने नगर परिषद से ठेकेदार पर नकेल कसने की मांग की है।

बाजार में चर्चा, हरि भैया को मिल सकती फिर जिम्मेदारी

प्रवास के दौरान जायसवाल ने की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 139 के पूर्व विधायक एवं दो बार भाजपा जिलाध्यक्ष रहे हरिशंकर जायसवाल पिछले एक सप्ताह से दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं। वे राष्ट्रीय स्तर के वरिष्ठ नेताओं से लगातार मुलाकात व तालमेल कर रहे हैं। दिल्ली प्रवास के दौरान हरिशंकर जायसवाल ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकात की। लगभग एक घंटे चली इस बैठक में संगठन की स्थिति, विधानसभा व लोकसभा क्षेत्रों के विभिन्न विषयों तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुँचाने पर गंभीर चर्चा हुई।



जायसवाल ने पूर्व संगठन महामंत्री व सह-प्रभारी अरविंद मेनन से भी उनके निवास पर भेंट की और मतदान केंद्र (बूथ स्तर) तक संगठन को मजबूत करने पर विचार-विमर्श किया।

इस उच्चस्तरीय मुलाकात की जानकारी सुधीर तिवारी द्वारा दिए जाने के बाद पिपरिया विधानसभा क्षेत्र, नगर और लोकसभा क्षेत्र की राजनीति में हड़कंप मच गया है।

जायसवाल के प्रभावी जनसंपर्क और केंद्रीय नेतृत्व से सीधी मुलाकात के बाद राजनीतिक गलियारों व बाजारों में यह चर्चा गर्म है कि उन्हें पार्टी की ओर से कोई बड़ी सौगात या पद मिल सकता है।

सूत्रों के अनुसार, पचमढ़ी विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) के अध्यक्ष पद पर आमतौर पर पूर्व विधायकों या विधायक का चुनाव लड़ चुके नेताओं को ही नियुक्त किया जाता है। हालाँकि, सत्ताधारी दल होने के नाते भाजपा किसी भी वरिष्ठ कार्यकर्ता को अवसर दे सकती है। कृषि उपज मंडी अध्यक्ष नहर विभाग (जल उपभोक्ता संस्था)जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्षमार्केटिंग सोसायटी आदि शामिल हैं। वहीं इस बात को लेकर बजार में चर्चा गर्म है।

गुरु दा लंगर टीम के साथ विधायक ने मरीजों को किया भोजन वितरण

सीहोर। शहर में संचालित गुरु दा लंगर टीम के द्वारा भोजन प्रसादी वितरण के 3 वर्ष पूर्ण होने पर रविवार को जिला अस्पताल परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुदेश राय सम्मिलित हुए। विधायक सुदेश राय ने जिला अस्पताल में जरूरतमंद मरीज और उनके परिजनों को गुरु दा लंगर टीम के सदस्यों के साथ भोजन का वितरण किया। गुरु दा लंगर टीम के द्वारा विधायक सुदेश राय का स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। विधायक सुदेश राय ने गुरु दा लंगर टीम के द्वारा प्रति रविवार को मरीज और उनके परिजनों को उपलब्ध कराए जाने वाले निशुल्क भोजन व्यवस्था की प्रशंसा की उन्होंने कहा कि गुरू दा लंगर टीम इसी प्रकार सेवा कार्य करती रहे हर प्रकार का सहयोग कराया जाएगा।

राजेश पालीवाल फिर बने कृषि आदान विक्रेता संघ अध्यक्ष, सदस्यों ने दी हार्दिक शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



कृषि आदान विक्रेता संघ के संगठनात्मक चुनाव में संगठन सदस्यों ने एक बार फिर राजेश पालीवाल के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए उन्हें सर्वसम्मति से ब्लॉक अध्यक्ष चुना है। रामबाबू राणा को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सोहागपुर, शोभापुर एवं सेमरी क्षेत्र के कृषि आदान विक्रेताओं की उपस्थिति में आयोजित बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। बैठक ओपी आचार्य के मुख्य आतिथ्य एवं राजेश पालीवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान उपस्थित सदस्यों ने आपसी सहमति से राजेश पालीवाल को पुनः अध्यक्ष चुना। उनके पुनर्निर्वाचन पर व्यापारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि उनके अनुभव एवं नेतृत्व में संगठन व्यापारियों की समस्याओं और हितों को प्रमुखता से उठाएगा।

साथ ही संघ की गतिविधियों को विस्तार देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से ओपी आचार्य, दीपक काबरा, भैयालाल प्रजापति, धर्मेंद्र ठाकुर, अनिल छाबड़िया, राकेश पटेल, मुकेश कुशवाहा, कुणाल पालीवाल, शिवकुमार खंडेलवाल, राकेश अग्रवाल, अनिल ठाकुर एवं भोलाराम कुशवाहा सहित सोहागपुर, शोभापुर, सेमरी एवं हरचंद क्षेत्र के अनेक कृषि आदान विक्रेता एवं व्यापारी उपस्थित रहे।

उल्लंघन पर 2500 से 15 हजार तक जुर्माना

जिले में नरवाई जलाने पर लगाया प्रतिबंध

हरदा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कुमार सत्यम ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत धान, गेहूँ, मक्का एवं अन्य फसल के अवशेष को खेत में जलाने पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधात्मक लगाया है। जारी आदेश के अनुसार नरवाई जलाने की घटना पाए जाने पर 02 एकड़ तक के भूमि धारक पर 2500 रुपये, 02 से 05 एकड़ तक के भूमि धारक पर 5 हजार रुपये एवं 05 एकड़ से अधिक भूमि धारक पर 15 हजार रुपये प्रति घटना के मान से अर्थदण्ड अधिरोपित किया जावेगा, साथ ही राष्ट्रीय हरित अधिकरण के निर्देशानुसार पर्यावरण मुआवजा एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 एवं 223 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही भी की जावेगी। पर्यावरण मुआवजा निर्धारण तथा अर्थदण्ड हेतु संबंधित क्षेत्र के उपखण्ड मजिस्ट्रेट को अधिकृत किया गया है। जारी आदेश अनुसार जिले में धान, गेहूँ, मक्का एवं अन्य फसलों के काटने के उपरान्त अवशेष को कोई भी कृषक अपने खेत पर नहीं जला सकेगा अर्थात अवशेष को जलाना पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है।

कार्य दिवस की शुरुआत वंदेमातरम से की

हरदा। प्रत्येक माह के पहले कार्य दिवस की शुरूआत शासकीय कार्यालयों में राष्ट्रगीत वंदेमातरम गायन के साथ होती है। इसी क्रम में सोमवार सुबह कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित कार्यालयों के अधिकारी कर्मचारियों ने राष्ट्रगीत वंदे-मातरम एवं राष्ट्रगान जन-गण-मन का सामूहिक गायन किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, डिप्टी कलेक्टर तृप्ति पटेरिया एवं श्वेता बम्होरे सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद थे।

तीन स्थानों पर किसान चौपालों का आयोजन किया जाएगा

सीएम हेल्पलाइन की शिकायत न रहे नॉट अटेंडेड: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



जिले में किसानों को शासकीय योजनाओं और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी देने के उद्देश्य से इस सप्ताह तीन स्थानों पर किसान चौपालों का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत 3 नवंबर को टिमरनी विकासखंड के रूंदलाय, 4 नवंबर को खिरकिया विकासखंड के सिराली तथा 5 नवंबर को हरदा विकासखंड के देवतालाब में किसान चौपाल आयोजित होगी।

इन चौपालों में कृषि, पशु चिकित्सा, डेयरी, उद्यानिकी, विद्युत, राजस्व, ग्रामीण विकास, कृषि विज्ञान केंद्र एवं कृषि अभियांत्रिकी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। चौपालों में किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग, नरवाई प्रबंधन, उन्नत बीज एवं खाद, उद्यानिकी फसलों के विस्तार, मछली पालन, पशुपालन, केसीसी और फसल ऋण सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही बिजली बिल संबंधी समस्याओं, सिंचाई, जल संरक्षण, सौर ऊर्जा योजनाओं तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में भी बताया जाएगा। इस दौरान किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों से अवगत कराने के साथ आधुनिक कृषि यंत्रों का प्रदर्शन भी किया जाएगा। सभी चौपालें शाम 4 बजे से आयोजित होंगी।

सोमवार को आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर कुमार सत्यम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कृषि चौपालों की गतिविधियां प्रभावी और उपयोगी हों, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण एवं किसान इनका लाभ उठा सकें। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने स्वामित्व रजिस्ट्री योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्य में तेजी लाने को कहा। उन्होंने आरसीएमएस में दर्ज राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की भी समीक्षा की। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों पर चर्चा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का समय-सीमा में संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कोई भी शिकायत नॉट अटेंडेड नहीं रहनी चाहिए।

कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग को नहरों की सफाई के कार्य में तेजी लाने तथा संबल योजना के लंबित प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करने के लिए सभी अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में वनमंडलाधिकारी ज्योति मुड़िया, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नरोत्तम भार्गव, अपर कलेक्टर पुरुषोत्तम कुमार एवं अनुपमा चौहान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

अवैध शराब परिवहन का मामला

3 कंपोजिट मदिरा दुकानों के लाइसेंस और आबकारी के 3 कर्मचारी निलंबित



कंपोजिट मदिरा दुकान सोडलपुर रोड टिमरनी रहटगांव तथा हरदा रोड टिमरनी के लाइसेंस निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

खातेगांव में पुलिस थाना प्रभारी की वाहन से कुचलकर हुई मृत्यु की गंभीर घटना के बाद आबकारी विभाग ने कार्रवाई की है। आबकारी आयुक्त दीपक सक्सेना ने टिमरनी वृत्त में पदस्थ सहायक जिला आबकारी अधिकारी अमर सिंह बघेल तथा आबकारी आरक्षक अरुण कुमरे एवं कृष्णपाल सिंह डोडियार को कर्तव्य के प्रति लापरवाही एवं शिथिलता बरतने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। वहीं कलेक्टर कुमार सत्यम ने लायसेंसी पाटेन्द्र जायसवाल को आवंटित कंपोजिट मदिरा दुकान सोडलपुर रोड टिमरनी, रहटगांव तथा हरदा रोड टिमरनी के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए हैं। साथ ही लायसेंसी को सूचना पत्र जारी कर 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

जिला आबकारी अधिकारी हरदा सुनील भोजने ने बताया कि रविवार रात्रि लगभग एक बजे थाना प्रभारी पुलिस थाना खातेगांव को प्राप्त सूचना के आधार पर इंदौर-बैतूल हाईवे पर वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान हरदा जिले के टिमरनी क्षेत्र की कंपोजिट मदिरा दुकान सोडलपुर रोड टिमरनी के लायसेंसी की दुकान से अवैध रूप से परिवहन की जा रही विदेशी



मदिरा से भरे वाहन क्रमांक एमपी 43 एच 4786 को रोकने का प्रयास किया गया। इस दौरान वाहन चालक थाना प्रभारी को कुचलते हुए वाहन लेकर फरार हो गया, जिससे थाना प्रभारी की मृत्यु हो गई।

घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों ने अधीनस्थ स्टॉफ के साथ संबंधित मदिरा दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाई गई त्रुटियों से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिला आबकारी अधिकारी के अनुसार प्रारंभिक जांच में मदिरा का परिवहन सोडलपुर रोड टिमरनी स्थित कंपोजिट मदिरा दुकान से किया जाना प्रतीत हुआ। इसी के मद्देनजर संबंधित दुकानों के लायसेंस निलंबित करने तथा आबकारी अमले के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई की गई है।

इनका कहना है

शराब ठेकेदार की दुकानों के लाएसेन्स सस्पेंड कर दिए और नोटिस जारी किया है। संतोष जनक जबाब नहीं मिला तो निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

कुमार सत्यम, कलेक्टर हरदा

क्षत्रिय भावसार समाज ने मनाया दशहरा मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन



क्षत्रिय भावसार समाज की माता खप्पर उत्सव समिति का दशहरा मिलन समारोह रविवार को बड़े हर्षोल्लास के साथ ग्राम नावडातोड़ी में मां नर्मदा के पावन तट पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, युवा, मातृशक्ति एवं बच्चों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां नर्मदा के स्नान एवं पूजन-अर्चन से हुआ। समिति के जगदीश भावसार, मधु भावसार एवं मनोहर भावसार ने बताया कि कार्तिक मास के पावन अवसर पर मां नर्मदा तट पर मिलन समारोह आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य मां नर्मदा का आशीर्वाद प्राप्त करना था। वही नौका विहार कर सभी ने आनंद भी प्राप्त किया। मां नर्मदा पूजन के पश्चात सभी समाजजनों ने ग्राम के प्राचीन भगवान शालिवाहन शिव मंदिर में पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर दर्शन लाभ लिया। इस दौरान महिलाओं द्वारा शानदार भजनों की प्रस्तुति दी गई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और सभी ने समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। पूजन के पश्चात समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी वर्ष शारदीय नवरात्रि की महाष्टमी एवं महानवमी पर निकलने वाले परम्परागत माता के खप्पर को और अधिक भव्य एवं आकर्षक रूप से निकालने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंत में सभी समाजजनों ने एक साथ बैठकर प्रेम भाव से शुद्ध देसी घी से निर्मित स्वादिष्ट दाल-बाटी का प्रसाद ग्रहण किया, जिसमें सामाजिक समरसता देखने को मिली।

कृषि उपज मंडी में 6 से 11 तक बंद रहेगी नीलामी

हरदा। कृषि उपज मंडी समिति हरदा में 6 से 11 नवम्बर तक कृषि उपजों का नीलामी कार्य बंद रहेगा। सचिव कृषि उपज मंडी समिति हरदा ने बताया कि 6 नवम्बर शुक्रवार को धनतेरस का स्थानीय अवकाश, 7 नवम्बर शनिवार को रूप चौदस (छोटी दीपावली), 8 नवम्बर रविवार को दीपावली व 9 नवम्बर सोमवार को गोवर्धन पूजा का शासकीय अवकाश तथा 10 नवम्बर मंगलवार को अन्नकूट व 11 नवम्बर बुधवार को भाईदूज होने के कारण मण्डी प्रांगण में कृषि उपजों का नीलामी कार्य नहीं होगा। मंडी प्रशासन ने समस्त कृषक बंधुओं से अपील की है कि वे 6 से 11 नवम्बर तक अपनी कृषि उपज बेचने के लिए मंडी प्रांगण हरदा में न लाएं। गुरूवार 12 नवम्बर को प्रातः 10:30 बजे महादेव मंदिर में पूजन आरती उपरान्त मुहूर्त में खरीदी प्रारम्भ की जाएगी।

प्रभारी मंत्री ने गोल्ड मेडलिस्ट खिलाड़ियों को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

प्रदेश के खेल और युवा कल्याण विभाग व सहकारिता मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सोमवार को हरदा आगमन के अवसर पर जिले के दो प्रतिभावान खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। जिला खेल अधिकारी विकास खराड़कर द्वारा अवगत कराया गया कि ब्लॉक खिरकिया के खिलाड़ी आराध्य वरुण शर्मा ने 10 मीटर एयर रायफल शूटिंग में राज्य स्तर पर गोल्ड मेडल जीता है, वहीं हरदा के यस जाट ने हैंडबॉल में राज्य स्तर पर स्वर्ण पदक अर्जित किया है। इस उपलब्धि पर खेल मंत्री श्री सारंग ने दोनों खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला ओलम्पिक संघ अध्यक्ष संदीप पटेल, खेल प्रकोष्ठ अध्यक्ष विक्रांत अग्रवाल, ब्लॉक समन्वयक सलमा खान, खेल प्रकोष्ठ प्रदेश सह संयोजक भूपेंद्र सिंह तोमर, हीना अली, संदीप जाट, सहित अन्य खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

शासकीय कर्मचारियों के अप-डाउन के रूप में तीन यात्री बसों की पहचान बनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

इस आकांक्षी विकासखंड में शासकीय-अमले के लिए तीन यात्री बसें वरदान साबित हो रही है और उनके नियमित अप-डाउन करने से इन्हें कर्मचारी-बस के रूप में पहचाना जाने लगा है। इन तीन यात्री बसों से वे खरगोन अथवा अन्य स्थानों से आते हैं और शाम को अपने घर लौट जाते हैं। बताया जाता है कि उक्त तीनों बसें खरगोन से अलग-अलग रूटों से रवाना होती है और एक फेरा लगाकर शाम को वापस प्रस्थित हो जाती है। इनमें से अधिकांश कार्यालयीन-कर्मी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, स्वास्थ्यकर्मी,महिला एवं बाल विकास विभाग और कृषि विभाग का अमला अपने गंतव्यों तक आते जाते हैं। इनमें खरगोन से एक बस व्हाया मोगरगांव (प्रातः8 बजे) ,दूसरी बस व्हाया चिरिया (प्रातः7.40) और तीसरी बस व्हाया बमनाला (प्रातः7.50 बजे) प्रस्थित होती है। ये सभी प्रातः10.30 बजे आती है और खरगोन से एक फेरा लगाकर शाम 4.30 से 5 बजे तक वापस रवाना हो जाती है। उक्त जानकारी चालक सोनू मोरे और परिचालक राज देवले ने दी है और उन्होंने बताया कि उनकी बस रविवार को चिरिया तक ही आती है,इस दिन छुट्टी के कारण शासकीय कर्मचारी नहीं आते हैं। वहीं दूसरी ओर भीकनगांव और खंडवा रुट की बसों से भी शासकीय कर्मी गंतव्यों तक आवागमन करते हैं।

निजी वाहनों से भी आवाजाही

गौरतलब है कि यहां विभिन्न विभाग संचालित हो रहें हैं और अधिकांश विभाग प्रमुख, अन्य अधिकारी और शासकीय कर्मी कार और दुपहिया वाहनों से आते जाते हैं। इनमें से कई शिक्षकों को जनशिक्षक का प्रभार मिला है और खरगोन में ही रहते हैं। ऐसे जनशिक्षक भी कार से आवाजाही करते हैं। जबकि यहां तहसीलदार और नायब तहसीलदार सहित कर्मी आवासरत हैं। वहीं, एसडीएम भीकनगांव लोकेश छापरे के निर्देश पर मैदानी अमला यहां साप्ताहिक हाट (बुधवार) को तहसील-कार्यालय में किसानों की समस्याएं हल करने के निर्देश दिए हैं।

आदिवासी-भत्ते का दुरुपयोग

मध्यप्रदेश सरकार ने 13 साल बाद मई 2025 में सभी भत्तों सहित आदिवासी क्षेत्र भत्ते की भी समीक्षा की थी। यह भत्ता 89 अधिसूचित आदिवासी विकासखंडों में पदस्थ कर्मचारियों को मुख्यालय पर निवास की शर्त पर देय है, लेकिन कथित दुरुपयोग से शासकीय खजाने पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ रहा है।



पॉक्सो एक्ट व निशुल्क विधिक सहायता की दी जानकारी

मध्यस्थता से विवादों का सहमति से होता समाधान: जोशी



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मण्डलेश्वर द्वारा जिला न्यायालय मंडलेश्वर के सभाकक्ष में पक्षकारों के लिए मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडलेश्वर अखिलेश जोशी ने मध्यस्थता प्रक्रिया की जानकारी देते हुए कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य दोनों पक्षों के बीच आपसी विवाद को सुलझाकर सहमति के आधार पर प्रकरण का निराकरण कराना है। जोशी ने कहा कि मध्यस्थता प्रक्रिया में दोनों पक्ष मध्यस्थ के समक्ष स्वतंत्र रूप से अपनी बात रख सकते हैं। इस दौरान कही गई बातें गोपनीय रखी जाती हैं। संबंधित प्रकरण की सुनवाई करने वाले न्यायाधीश से अलग किसी अन्य मध्यस्थ को नियुक्त किया जाता है, जो दोनों पक्षों से अलग-अलग चर्चा कर सर्वमान्य समाधान तक पहुंचने का प्रयास करता है। इस प्रक्रिया से समय और धन दोनों की बचत होती है तथा दोनों पक्षों को संतुष्टि के साथ न्याय मिलता है। सरल शब्दों में, आपसी बातचीत और समझाइश के माध्यम से विवाद का समाधान करना ही मध्यस्थता है। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मण्डलेश्वर सुश्री प्रीति जैन ने पॉक्सो एक्ट के प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु के बालक-बालिकाओं के विरुद्ध लैंगिक अपराध होने पर पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि गलत नीयत से घूरना, पीछा करना, सोशल मीडिया पर परेशान करना तथा अश्लील टिप्पणियां करना भी परिस्थितियों के अनुसार अपराध की श्रेणी में आ सकता है। ऐसी किसी भी घटना की स्थिति में पुलिस से शिकायत अवश्य करनी चाहिए। पीड़ित बालिका की शिकायत महिला पुलिस अधिकारी द्वारा दर्ज की जाती है तथा उसका नाम और पता गोपनीय रखा जाता है। उन्होंने मध्यप्रदेश अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना, 2015 के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी।

जिला विधिक सहायता अधिकारी चंद्रेश मंडलोई ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के उद्देश्यों एवं कार्यों की जानकारी देते हुए निशुल्क विधिक सलाह और सहायता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि जिन पात्र व्यक्तियों के पास अपना अधिवक्ता उपलब्ध नहीं होता, उन्हें विधिक सहायता के माध्यम से निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने जन उपयोगी स्थायी लोक अदालत की जानकारी देते हुए बताया कि इसके माध्यम से बिजली, पानी, डाक, टेलीफोन, परिवहन, अस्पताल, बैंकिंग एवं बीमा जैसी सार्वजनिक उपयोगिता सेवाओं से संबंधित विवादों का निराकरण किया जाता है। इस अवसर पर 21 नवम्बर को आयोजित होने वाली चेक बाउंस संबंधी लोक अदालत तथा 12 दिसम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में भी जानकारी दी गई।